# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांक :–एफ.1(   )लेखा/देव/ऑनलाईन दर्शन/2024/902        दिनांक :– 26/02/2024

## निविदा सूचना

राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री माताजी मावलियान परियों का बाग आमेर जयपुर के ऑनलाईन दर्शन व्यवस्था एवं वेबसाईट विकसित करने के कार्य हेतु पंजीकृत फर्म अथवा अनुभवी व्यवसायियों से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.02.2024 से कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है। पूर्णरूपेण भरी हुई निविदाऐं दिनांक 04.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर उसी दिन दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | अनुमानित राशि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री माताजी मावलियान परियों का बाग आमेर जयपुर के ऑनलाईन दर्शन व्यवस्था एवं वेबसाईट विकसित करना (कार्य अवधि 5 वर्ष) | 5.00 लाख | 500/– | 10000/– |

शर्ते :–

1. निर्धारित दिनों को किसी कारणवश अवकाश होने पर आगामी दिन निविदा बेची/खोली जावेगी।
2. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
3. निविदादाता/ठेकेदार को जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र, पहचान पत्र/आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करनी होगी।
4. सशर्त एवं तार द्वारा भेजी गई निविदा दरें मान्य नहीं होगी। निविदा शुल्क एंव धरोहर राशि **सहायक आयुक्त(प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर** के पक्ष में तैयार डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा ही स्वीकार की जावेगी, नगद राशि स्वीकार नहीं की जावेगी। बिना धरोहर राशि के निविदा मान्य नही होगी।
5. निर्धारित दिनांक को निविदा खोलने के उपरान्त प्रस्तावित दर पर कार्य में असमर्थता या दर में संशोधन स्वीकार्य नही होगा, ऐसा होने पर धरोहर राशि जब्त/शास्ति एवं आगामी निविदा से वंचित/अयोग्य आदि की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
6. निविदादाता/ठेकेदार को निविदा प्रपत्र पर अपना पूर्ण डाक पता एवं मोबाईल नम्बर अंकित करना होगा। पता अधूरा अथवा सही नही होने पर विभाग द्वारा भेजी जाने वाली डाक संवेदक को प्राप्त नहीं होने पर विभाग की जिम्मेवारी नहीं होगी।

E/Mata ji mavaliyan Retender Online Darshan

Scanned with CamScanner

7. निविदा की अन्य शर्ते/विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा सूचना मय प्रपत्र व शर्ते sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
8. उक्त निविदा प्रपत्र ऑन लाईन डाउनलोड किया जाकर कार्यालय में निर्धारित फीस सहित निर्धारित समय पर जमा करवाया जा सकता है।
9. राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे।

(आकाश रंजन)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांक :–एफ.1( )लेखा/देव/ऑनलाईन दर्शन/2024/903-907 दिनांक :– 26/02/2024
प्रतिलिपि :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. आयुक्त महोदया, देवस्थान विभाग, राजस्थान–उदयपुर को सूचनार्थ एवं निविदा सूचना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने हेतु सादर प्रेषित है।
2. जिला कलक्टर महोदय, जयपुर को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु सादर प्रेषित है।
3. एस.ए(संयुक्त निदेशक) देवस्थान विभाग जयपुर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु प्रेषित है।
4. प्रबंधक, राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री माताजी मावलियान परियों का बाग आमेर जयपुर को भेजकर लेख है कि निविदा सूचना की प्रति मंदिर में चस्पानगी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।
5. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

( आकाश रंजन )
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

E/Mata ji mavaliyan Retender Online Darshan

Scanned with CamScanner

# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांक :–एफ.1(    )लेखा/देव/ऑनलाईन दर्शन/2024/                    दिनांक :–

## निविदा पत्र

<table>
<tr><td colspan="5">राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री माताजी मावलियान परियों का बाग आमेर जयपुर के ऑनलाईन दर्शन व्यवस्था एवं वेबसाईट विकसित करना।</td></tr>
<tr><td>निविदा सूचना की दिनांक</td><td colspan="4">26.02.2024</td></tr>
<tr><td>अनुमानित लागत</td><td>5,00,000/– रूपये</td><td>कार्य अवधि</td><td colspan="2">कार्य अवधि 5 वर्ष</td></tr>
<tr><td>धरोहर राशि</td><td>10,000/– रूपये</td><td>निविदा शुल्क</td><td colspan="2">500/– रूपये</td></tr>
<tr><td>निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक व समय</td><td colspan="4">दिनांक 04.03.2024 समय प्रातः 11.00 बजे तक</td></tr>
<tr><td>सीलबन्द निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक</td><td colspan="4">दिनांक 04.03.2024 समय दोपहर 1.00 बजे तक</td></tr>
<tr><td>निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक</td><td colspan="4">दिनांक 04.03.2024 समय दोपहर 2.00 बजे</td></tr>
</table>

### सामग्री विवरण, यूनिट एवं संवेदक द्वारा प्रस्तावित दरें– प्रपत्र

| Sr. No. | Item | Specification | Make | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part A- Required Hardware** | | | | | | |
| 1 | Streaming Device | to fix FPS (Frame per second) on low band width or low internet connectivity and run stream unintruptably | Black Magic(USA Make) Wired Web Presenter | 1 | | |
| 2 | PC/Laptop | Computer system with optimum requiremnts to run the system | HP/HCL/DELL/or any other reputed brand | 1 | | |
| 3 | PTZ Camera(PAN/TILT/ZOOM) | 360 degree HD recording, Motion sencor, night vision HD Quality, inbult Mic. | cp plus/Dahua/Hikvision/Zebronic | 1 | | |
| 4 | Encoding Software Licensing | encdoin software which concerts live videvo recording to a live streaming on a web plateform | OVS Software (One year licensing fee) | 1 | | |
| 5 | Mic System | Noise/sound proff Mic system so that only Aarti will be Heared) no other sound will be heared | Ahuja, Hitech, Zebronics, Logitech, Quantam | 1 | | |
| **Total part A** | | | | | | |
| **Part B - Security system** | | | | | | |
| 1 | Hard disk drive 2 TB | tostore data up to 20 days | segate or any other reputed brand | 1 | | |



Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | DVR | 8 channel HD DVR+ 4 channel Inbuilt NVR to Host the Camera and video recording | cp plus/Dahua /Hikvisi on/Zebronic | 1 | | |
| 3 | Camera | total 8,4 Bullet and 4 Dome | cp plus/Dahua / Hikvisi | 8 | | |
| 4 | Installation Acessories | BNC Connector, Power Sullpy, SNPS, Wiring, Power cable and other allied accessories | Electrical Items | Lumpsum | | |
| 5 | Inverter | for Un- interpted power supply | any Reputed Brand | 1 | | |
| 6 | Installation Charges | for the installation of complete sysrem ( Live Streming and System) | one time charge | lumpsum | | |
| **Total part B** | | | | | | |
| **Part C -** | | | | | | |
| 1 | AMC | Annual maintinance charges with onsite manpower to control, monitoring, broadcasting and other technick related Troubleshooting | one time charges for 11 Month | lumpsum | | |
| 2 | AMC | 2nd year | one time charges for 12 Months | lumpsum | | |
| 3 | AMC | 3rd Year | one time charges for 12 Months | lumpsum | | |
| 4 | AMC | 4th Year | one time charges for 12 Months | lumpsum | | |
| 5 | AMC | 5th Year | one time charges for 12 Months | lumpsum | | |
| **Total part C** | | | | | | |
| **Part D - Website Devlopment and social Engineering** | | | | | | |
| 1 | Website Development | Domin and hosting (for 1 year) , website development, SEO and SMO (youtube/twitter/instagram/ facebook), SSL cirtification (Security shell Layer) QR code and payment Gatway for online donation, copyright, mandir live streming display on website | one time charges for 11 month | lumpsum | | |
| **Total part D** | | | | | | |
| **Grand Total (A+B+C+D)** | | | | | | |



Scanned with CamScanner

शर्ते :–

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 नियम 2013 जिसे आगे अधिनियम व नियम कहां गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन, आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे। बोलीदाता को वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 30.4.2018 की पूर्ण पालना सुनिश्चित करनी होगी। बोलीदाता को अधिनियम व नियम व संबंधित परिपत्र की पूर्ण जानकारी कर लेनी चाहिए। बोली दस्तावेज एवं उपर्युक्त अधिनियम व नियम में किसी प्रकार की विसंगति होने पर उक्त अधिनियम व नियम के प्रावधान भी अभिभावी होंगे।
2. संवेदक द्वारा आईटमवार समस्त कर जोड़ते हुए सामग्री/सेवा/उपकरण **(Hardware)** स्थापित करने सहित अंको में स्पष्ट रूप से अंकित की जावें।
3. निविदा सर्शत स्वीकार नही की जावेगी।
4. उक्त कार्य में स्थापित किये गये समस्त उपकरणों **(Hardware)** का मालिकाना हक देवस्थान विभाग का होगा।
5. संवेदक को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी समस्त प्रकार के आई.टी.कानून की पूर्णतया पालना करनी होगी।
6. केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार आवश्यक पंजीयन एवं नियमों की पालना संवेदक स्तर से सुनिश्चित की जावेगी। निर्धारित, नियमों, उपनियमों, अधिसूचनाओं, दिशानिर्देशों आदि की पालना नही करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. निविदादाता द्वारा आपूर्ति/सेवा समय पर उपलब्ध नही कराने की स्थिति में विभाग द्वारा अन्य स्त्रोतों से व्यवस्था करने पर अन्तर राशि निविदादाता को देय भुगतान राशि में से कटौती की जावेगी।
8. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नही सौपेगा या भाड़े **(Sub-let)** पर नही देगा।
9. विभाग द्वारा इंटरनेट संबंधी किसी प्रकार की व्यवस्था नही की जावेगी, फर्म द्वारा इन्टरनेट एवं फाईबर केबल संबंधी व्यवस्था तथा आवश्यक स्वीकृतियों की व्यवस्था अपने स्वयं के स्तर पर करनी होगी। तथा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी कारणवश यदि ऑनलाईन दर्शन वांछित हो तो उसे तुरन्त दुरस्त करना होगा (24 घण्टो में )
10. समस्त सामग्री/उपकरण **(Hardware)** निविदा में उल्लेखित किये गये मानदण्ड/कम्पनी अनुसार ही लगाने होंगे यदि किसी आईटम में मानदण्ड से निम्न साम्ग्री का उपयोग पाया गया तो भुगतान नही या अनुपातिक रूप से कम दर से किया जायेगा।
11. बोली प्रतिभूति राशि रूपये 10,000/– **सहायक आयुक्त(प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर** के नाम पर डिमाण्ड डाफ्ट्/बैंकर्स चैक के रूप में जमा करायी जावेगी।
12. बोली प्रतिभूति का समपहरण **(Forfeiture of Bid security)**, बोली प्रतिभूति का निम्नलिखित मामलों में समपहरण किया जा सकेगा।

    (अ) जब बोलीदाता बोली खुलने के बाद किन्तु बोली स्वीकार करने के पूर्व अपने प्रस्तावों को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण **(Modification)** करता है।

    (ब) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार निष्पादित नही करता है।
13. सफल बोलीदाता द्वारा समस्त उपकरण/सेवा स्थापित करने एवं सफल प्रदर्शन देने के पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।
14. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान विभाग द्वारा नही किया जावेगा।
15. द्वितीय वर्ष से पंचम वर्ष की AMC की राशि अनुमोदित लागत में शामिल है।



Scanned with CamScanner

16. सफल बोलीदाता को कार्य आदेश के दो दिवस में 500/- रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टॉम्प पर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।

17. सफल बोलीदाता को दिनांक 15.03.2024 से ऑनलाईन दर्शन की व्यवस्था प्रारम्भ करनी होगी।

18. सेवा संबंधी निम्न शर्तो का भी पालन करना होगा –

A. **100% server, Network & Power Uptime SLA :** The vendor will should provide with 100% Server, Network & Power uptime SLA as standard.

| Service Availability | Deduction From Total |
|---|---|
| 99.9 % to 100% | 0% |
| 98 % to 99.8% | 10% |
| 95 % to 97.9 % | 20% |
| 90.1% to 94.9 % | 25% |
| 90% and Below | 50% |

B. The Buffer Should not happen in the steaming Vendor will develop a dashboard for reportin the buffer and failure.

19. कोविड-19 महामारी के सम्बन्ध में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी गाईड लाईन की पूर्णतया पालना करनी होगी।

20. हार्डवेयर के सम्बंध में समस्त वांरन्टी फर्म द्वारा देय होगी इसके लिए फर्म को बोली दस्तावेज के साथ लिखित में अण्डरटेकींग प्रस्तुत करनी होगी।

21. फर्म को भुगतान पार्ट अ व पार्ट ब का installation पर 80 प्रतिशत एवं सफलता पूर्वक 01 वर्ष उपरांत शेष 20 प्रतिशत राशि का भुगतान देय होगा।

22. आपूर्ति किया गया सामान कार्यालय मांग के अनुसार नही होने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी तथा सामान लाने व ले जाने का खर्चा निविदादाता द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा।

23. आपूर्ति किये गये सामान की राशि से नियमानुसार जीएसटी, आयकर की कटौतीया की जायेगी।

24. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र देवस्थान विभाग प्रथम जयपुर ही रहेगा।

25. राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधानों की पालना करनी होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

( आकाश रंजन )
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

मैने निविदा सूचना एवं निविदा पत्र की शर्ते देख ली है और मैं उनसमें शपथपूर्वक सहमत हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत दरों के अमानत स्वरूप निविदा के साथ अमानत राशि 10000/- रूपये ड्राफ्ट संख्या/बैंकर चैक संख्या .................................................. दिनांक .......................................... बैंक का नाम .......................................................... संलग्न है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर



Scanned with CamScanner